तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025

12 अंबाला शहर तहसील में हुई 34 करोड़ की पेपरलेस रजिस्ट्री



12 वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस का सरकार पर वार



## खबर संक्षेप

### जेल से पैरोल मिलने के बाद 1106 हुए फरार

**पानीपत।** पुलिस के लिए जमानत पर जेल से बाहर आए अपराधी अब बड़ी चुनौती बन गए हैं। जिले में ऐसे 1106 अपराधी हैं जो बेल या पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद अदालत में पेश नहीं हो रहे और पुलिस को इनकी जानकारी नहीं है। इनमें से कई का पता तक सत्यापन नहीं पा रहा है। दूसरी ओर डीजीपी ओपी सिंह के आदेश पर पुलिस ने इन फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इधर, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि बेल जंपर अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस की विशेष टीमें लगातार काम कर रही हैं। कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### पराली जलाने वाले किसान पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव गांव भाउपुर के रकबे में इसी गांव के निवासी किसान करम सिंह पुत्र सुखराम ने 12 नवंबर को धान की पराली जलाई थी। वहीं, करम सिंह ने पराली जलाने के बाद तुरंत खेत की जुताई कर मामले को दबाने की चेष्टा की थी। जांच-पड़ताल में यह मामला सही पाया गया। वहीं, कृषि विभाग के एडीओ ने इसराना थाने में करम सिंह पर केस दर्ज करवाया व पांच हजार रूपये जुर्माना किया।

### वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली खुर्द निवासी 46 वर्षीय भोपाल की सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। इधर, मृतक के भाई संजय त्यागी की शिकायत पर थाना सनौली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद भोपाल का शव परिजनों को सौंप दिया।

### घर पर फायरिंग करने वाले दो गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस की टीम ने विकास नगर में घर पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों मिंटू निवासी गांव एबला एबली, करनाल व संजीव निवासी विकास नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि इस मामले में राजवंती निवासी विकास नगर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### महाराष्ट्र व कर्नाटक में होगा कबड्डी का फाइनल



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा बहु उद्देशीय हॉल, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में आयोजित 36वें अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 में चौथे दिन खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। वीरवार को खले गए सेमीफाइनल मैच में महाराष्ट्र बनाम तमिलनाडु के मैच में महाराष्ट्र 37-16 से विजयी रहा। वहीं कर्नाटक बनाम तेलंगाना के मैच में कर्नाटक 31-25 से विजयी रहा। टूनार्मेंट का फाइनल मैच शुक्रवार को महाराष्ट्र व कर्नाटक के मध्य खेला जाएगा।

### विदेश भेजने का झांसा देकर हड़पे बीस लाख

**जींद।** वर्क वीजा पर विदेश भेजने का झांसा देकर बीस लाख रुपये हडपने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।
हाउसिंग बोर्ड निवासी आशीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रोजगार की तलाश में वह विदेश जाना चाहता था। जिसके चलते उसका संपर्क वर्ष 2023 में अजमेर से हुआ। जिसने बताया कि वह वर्क वीजा पर विदेश भेजता है और वहां पर काम भी दिलाता है। पूर्व में वह कई बच्चों को विदेश भेज चुका है। जिसके चलते वह आरोपित के झांसे में आ गया।

## अंबाला छावनी के बैंकों को एक ही छत के नीचे लाने की कवायद

# बैंक स्क्वेयर के द्वितीय चरण के लिए 64.47 करोड़ स्वीकृत

*ऊर्जा मंत्री अनिल विज बोले, द्वितीय चरण में बैंक स्क्वेयर में बनेगा ऑडिटोरियम, रूफ टॉप पर फूड कोर्ट होंगे और शौचालय व अन्य सुविधाएं होंगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में निर्माणाधीन बैंक स्क्वेयर भवन में द्वितीय चरण के निर्माण हेतु 64.47 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जल्द टेंडर कर द्वितीय चरण के निर्माण कार्य को प्रारंभ किया जाएगा। इससे पहले चल रहा पहले चरण का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी के बैंकों को एक ही छत के नीचे लाने के लिए प्रारंभ की गई बैंक स्कवेयर परियोजना एक मील का पत्थर साबित होगी। यहां लगभग 32 बैंकों को एक ही छत के नीचे शिफ्ट करने की योजना है। विज ने बताया कि द्वितीय चरण के तहत बैंक स्क्वेयर में पिछली तरफ बनने वाली बिल्डिंग चार मंजिला होगी जिसमें कई शोरूम बनाए जाएंगे। इसके अलावा यहां पर कार्यक्रम व कांफ्रेंस आदि आयोजित करने के लिए 450 लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम बनेगा। इसके अतिरिक्त रूफ टॉप पर फूट कोर्ट बनाएं जाएंगे जहां लोग खाने-पीने का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है जिसके बाद जल्द टेंडर कराकर काम को प्रारंभ किया जाएगा।

- कांफ्रेंस आदि के लिए 450 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम बनाया जाएगा



अंबाला। बैंक स्कवेयर का बाहरी दृश्य। फोटो : हरिभूमि

गौरतलब है कि मंत्री अनिल विज के प्रयासों से 3.97 एकड़ में बैंक स्क्वेयर कम शापिंग मॉल भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पहले चरण के कार्य के तहत लगभग 111 करोड़ रुपए की लागत से आगे बन रहे तीन मंजिला भवन का निर्माण कार्य लगभग 85 प्रतिशत पूरा हो चुका है। पूरे बैंक स्क्वेयर में कुल 100 शोरूम का निर्माण होगा। कॉमन एरिया में एयर कंडीशन, बिल्डिंग के आगे ग्रीनरी, फायर अलार्म, फायर फाइटिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, दो ट्यूबवेल व अन्य सुविधाएं होगी। द्वितीय चरण में बनने वाले बैंक स्क्वेयर भवन के प्रथम तल पर 12 शोरूम होंगे। द्वितीय तल पर 17 शोरूम तथा तीसरे तल पर कुल 20 शोरूम होंगे। तीसरे फ्लोर पर 450 लोगों की क्षमता वाला एक आडिटोरियम बनेगा तथा रूफ टॉप पर फूड कोर्ट बनाए जाएंगे। इसके अलावा यहां लिफ्ट, सीढ़ियां, एक्सकेलेटर, एचवीएसी, फायर फाइटिंग सिस्टम, महिला व पुरूष शौचालय व अन्य सुविधाएं होंगी।

### प्रथम चरण के कार्य

बैंक स्क्वेयर में प्रथम चरण के तहत बन रही तीन मंजिला बिल्डिंग में बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर 325 से अधिक वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग सुविधा होगी। बेसमेंट व ग्राउंड फ्लोर पर एचवीएसी प्लांट रूम, पम्प हाउस, लिफ्ट, इलेक्ट्रिकल पैनल रूम, लिफ्ट, सीढ़िया व अन्य सुविधाएं होगी। प्रथम तल पर 21 शोरूम, महिला व पुरूष के लिए दो-दो पब्लिक टॉयलेट, इलेक्ट्रिक पैनल रूम, चार लिफ्ट व सीढ़ियां होगी। दूसरी मंजिल पर 18 शोरूम, महिला व पुरूष के लिए दो-दो पब्लिक टॉयलेट, इलेक्ट्रिक पैनल रूम, चार लिफ्ट, सीढ़ियां व अन्य सुविधा होगी। तीसरी मंजिल पर 13 शोरूम, महिला व पुरूष के लिए दो-दो पब्लिक टॉयलेट, इलेक्ट्रिक पैनल रूम, चार लिफ्ट, सीढ़ियां व अन्य सुविधा होगी।

## अंबाला : चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

आधा दर्जन हमलावरों द्वारा चाकुओं से गोदकर एक युवक की निर्ममता से हत्या कर दी। हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।



मृतक अमानत की फाइल फोटो।

पुलिस ने क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हमले में जख्मी हुए गीतांश ने बताया कि वह अपने दो मित्रों अक्षप्रीत निवासी गांव सैनमाजरा व अमानत निवासी बरौली के साथ अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने के लिए एक मैरिज पैलेस में गए थे। वहां से लौटते समय हम अमानत की कार में जा रहे थे। तभी अमानत ने कार को आर्य स्कूल की तरफ मोड़ दिया। जब हमने इसका कारण पूछा तो उसने बताया कि मुझे हुसैनी के एक युवक सुमित का फोन आया था। उसने मुझे मिलने के लिए बुलाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार जब हम आर्य स्कूल के बाहर मैदान में पहुंचे जो वहां पर सुमित तो नहीं मिला लेकिन वहां पर काफी लड़के खड़े थे। उन्हें देखकर हमने कार वापस मोड़ने का प्रयास किया। तभी तीन लड़के स्पलैंडर मोटरसाईकिल पर सवार होकर आए। उन्होंने अमानत की कार की खिड़की के पास मोटरसाइकिल लगा दी। अमानत को कार से उतारकर हमारे साथ मारपीट शुरू कर दी। तभी मैंने और अक्षप्रीत भी गाड़ी से नीचे उतर कर उसे छुड़ाने का प्रयास किया। तभी दूसरे युवकों ने अमानत को पकड़ा और चाकू से वार किया। वह साथी अक्षप्रीत के साथ जख्मी अमानत को लेकर अस्पताल में पहुंचे। यहां अमानत को अंबाला शहर नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया।

### उपचार के दौरान हुई मौत

*गीतांश ने बताया कि चिकित्सकों ने अमानत को अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल रेफर किया था। तब उन्होंने अस्पताल जाने की बजाय अपने अपने घर जाने का निर्णय लिया। साथ ही इस घटना के बारे में परिजनों को भी जानकारी देने से मना किया। सुबह उसे पता चला कि अमानत की तबीयत खराब होने के कारण उसके परिवार वाले अंबाला शहर ले गए। वहां से उसे सद्दोपुर अस्पताल में ले गए। यहां उपचार के दौरान अमानत की मौत हो गई। शिकायतकर्ता ने कहा कि दिवांश, शिवांग, केसर, परविंद्र व अन्य लड़कों के द्वारा मारपीट करने व चाकू से हमला करने के कारण अमानत बुरी तरह से जख्मी हुआ था। गहरे जख्मों की वजह से अमानत की मृत्यु हुई है। पुलिस ने अमानत के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिवार वालों को सौंप दिया है।*

## फायरिंग मामले में फरार अपराधी सोनू गिरफ्तार

- स्कॉर्पियो बरामद, आरोपी पर पहले से दर्ज हैं छह मामले

हरिभूमि न्यूज करनाल

कुंजपुरा थाना क्षेत्र में हुए झगड़े और फायरिंग प्रकरण में फरार चल रहे शातिर आरोपी सोनू दहिया को आखिरकार पुलिस ने पकड़ लिया है। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट (एसडीयू) करनाल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी को काबू किया।

टीम ने वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद कर ली है। आरोपी की पहचान गांव खंडा (सोनीपत) निवासी सोनू दहिया के रूप में हुई है, जो लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा था। कार्रवाई इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार की देखरेख में और सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी किसी स्थान पर छिपा हुआ है, जिस पर टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सोनू दहिया के खिलाफ सोनीपत, झज्जर, करनाल सहित कई जिलों में छह गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह अपने गैंग के साथ मिलकर कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। 6-7 जुलाई की रात बड़ा गांव में आपसी कहासुनी के बाद दो पक्ष भिड़ गए थे। आरोप है कि एक पक्ष ने बाहरी लोगों को बुलाकर लाठी-डंडों से हमला किया और हवाई फायरिंग कर फरार हो गया।

### महिला पुरस्कार के लिए 15 दिसंबर तक करें आवेदन

**लाडवा।** उपमंडल अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि हरियाणा के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 15 दिसंबर, 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को प्रदान किया जाता है। इन पुरस्कारों में सुषमा स्वराज अवार्ड के तहत 5 लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, इंदिरा गांधी अवार्ड के तहत 1 लाख 50 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला अवार्ड के तहत 1 लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के तहत 1 लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, वुमेन अचीवर्स पुरस्कार के तहत 51000 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, आदि दिए जाएंगे।

# कैंसर ठीक करने वाली दवा के बदले 66 लाख रुपये लेकर थैले में सांप थमाया

*चार के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर में सेहत नामक कथित दवा से कैंसर ठीक करने और लाखों रुपये कमाने का लालच देकर 66 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उससे 66 लाख रुपये लेकर दवा देने की बजाय थैले में सांप देकर चले गए। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे सांप तस्करी के आरोप में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस

- विरोध करने पर सांप तस्करी के आरोप में फंसाने की धमकी देने का आरोप

### क्या कहते हैं जांच अधिकारी

मामले की जांच कर रहे हुडा सेक्टर-17 निवासी लाभ सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी रिंकू सैनी, मुर्सलीन, हरप्रीत व दर्पण के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी के सेक्टर-17 निवासी अनिल बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब सात वर्ष पूर्व उसके परिचित दर्पण प्राजपति के माध्यम से उसकी जान पहचान उत्तर प्रदेश के गांव काजीबांस निवासी रिंकू सैनी के साथ हुई थी। रिंकू सैनी ने उसे एक कथित सेहत नाम की दवाई के बारे में बताया कि इससे कैंसर का इलाज होता है और इस दवा से लाखों रुपये कमा सकते हैं। उसने आरोपी की बातों पर उसने विश्वास कर लिया। 13 दिसंबर 2019 को रिंकू सैनी, मुर्सलीन और हरप्रीत सिंह उर्फ हैरी ने उसे होटल सफायर यमुनानगर के पास बुलाया।

इसके बाद वह सभी सेहत नामक दवा लेने के लिए गाड़ी में सवार होकर पावंटा साहिब के लिए रवाना हुए। जहां पर उसे एक अज्ञात सरदार व्यक्ति मिला। जिससे सौदे की बाद हुई । उसने दवाई की कीमत दो करोड़ रुपये बताई। जिसके बाद दवाई का सौदा 66 लाख रुपये में तय हो गया। इसके बाद रिंकू सैनी और उसके साथियों ने उससे उसी दिन एक एफिडेविट जबरन लिया। जिसमें झूठा उल्लेख किया गया कि हमारा कोई हिसाब-किताब बाकी नहीं है। आरोपियों ने उसे नोटरी एटेस्ट करवाया और ब्लैंक चैक व ब्लैंक स्टैंप पेपर पर भी हस्ताक्षर करवाए। अगले दिन रिंकू और उसके साथियों ने उसे दवाई लेने के लिए राधा कृष्ण मंदिर सेक्टर-17 के पास बुलाया। आरोपियों ने उसे एक थैला थमा दिया और बदले में उससे 66 लाख रुपये कैश ले दिए। जब उसने थैला खोलकर देखा तो उसके अंदर एक सांप था। उसने आरोपियों से कहा कि उसने दवाई मांगी थी। वह उसे सांप क्यों दे रहे हैं। आरोपियों ने कहा कि इस सांप के जहर से ही दवाई बनेगी।

## ट्रक की टक्कर लगने से पूर्व सैनिक की मौत

- मृतक थर्मल पावर प्लांट में सिक्योरिटी कर्मचारी के पद पर करता था काम

**यमुनानगर।** गांव रतनपुरा स्थित थर्मल पावर प्लांट कॉलोनी के पास ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार पूर्व सैनिक की मौत हो गई। मृतक फिलहाल थर्मल पावर प्लांट में सिक्योरिटी कर्मचारी के पद पर नौकरी करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव टोपरा खुर्द निवासी सरपंच दविंद्र सिंह ने बताया कि उसका भाई रविंद्र सिंह भारतीय सेना से रिटायर्ड है। वह फिलहाल थर्मल पावर प्लांट में सिक्योरिटी कर्मचारी के पद पर नौकरी कर रहा था। उसे अपने भाई से जरूरी दस्तावेज लेने थे। इसलिए वह अपने भाई से मिलने के लिए थर्मल पावर प्लांट पर पहुंचा। जहां उसके भाई ने उसे बताया कि दस्तावेज थर्मल कॉलोनी में कमरे में रखे हैं। इसके बाद उसका भाई दस्तावेज लेने के लिए बाइक पर थर्मल कॉलोनी में जा रहा था। वह भी अपनी बाइक पर अपने भाई के पीछे पीछे चल रहा था। जब वह थर्मल कॉलोनी के नजदीक पुलिया के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। उसने अपने भाई को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रैफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### घंटाघर चौक पर करंट लगने से घोड़ी की मौत

**करनाल।** शहर के घंटाघर चौक पर फ्लाईओवर निर्माण के दौरान करंट लगने से एक घोड़ी की मौत हो गई। घोड़ी के मालिक गांव पिंगली निवासी विकास ने ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। विकास अपनी बग्गी को ले जाने के लिए आया था। जैसे ही वह घंटाघर चौक के पास पहुँचा, घोड़ी गिर पड़ी। उठाने की कोशिश में उसे भी तेज करंट लगा। पास ही एक नंगी तार पानी में पड़ी थी।

## फिरौती मांगने का इनामी आरोपी गिरफ्तार

- दुकानदार को फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाऊन के तहत दुकानदार को फोन पर जान से मारने की धमकी देने व फिरौती मांगने के मामले के 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम ने दुकानदार को फोन पर धमकी देने व रंगदारी मांगने के आरोपी रमन वासी उमरी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 26 मई 25 को कसरेला वासी एक दुकानदार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी नये बस स्टैंड के पास कम्प्यूटर की दुकान है।

22 मई को उसके पास एक अज्ञात नंबर से व्हट्सएप कॉल आई जिसने उससे सामान्य बात करके फोन काट दिया था। उसके बाद उसके पास अंतर्राष्ट्रीय नंबर से व्हट्सएप कॉल आई और उसे जान से मारने की धमकी देकर उससे 20 लाख रुपए देने को कहा था। उसने उस कॉल के कोई जबाव नही दिया तो उसने उसको फिर से कॉल कि और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर 50 लाख रुपये मांगे। जिसकी शिकायत पर थाना शहर थानेसर में मामला दर्ज करके मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी गई थी। 28 मई 2025 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने मामले के आरोपी आरोपी दीपक वासी कसरेला, मोहित सैनी वासी अमरगढ़ व राहुल वासी मथाना जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों से 2 पिस्टल, 2 रौंद व बाइक बरामद की गई थी। टीम ने ऑपरेशन ट्रैकडाऊन के तहत दुकानदार को फोन पर जान से मारने की धमकी देने व पैसे मांगने के 5 हजार रुपए के ईनामी आरोपी रमन वासी उमरी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर कारागार भेज दिया।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गीता सद्भावना यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे

# राज्यपाल कल करेंगे सरस और शिल्प मेले का शुभारंभ

- महोत्सव को जाने माने एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर भी होगा प्रचार और प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के सरस और शिल्प मेले का शुभारंभ करेंगे।

इसके अलावा 15 नवंबर से सन्निहित सरोवर पर सुबह के समय श्रीमद्भगवद गीता पाठ एवं यज्ञ, मेला क्षेत्र में मनोरंजन झूले, सांय 4:30 बजे भजन संध्या एवं आरती, सायं 6:15 बजे ज्योतिसर में महाभारत एवं गीता पर आधारित लाइट एंड साउंड शो तथा 7 बजे ज्योतिसर में ही थ्री डी मैपिंग के माध्यम से विश्व स्वरूप पर लाइट एंड शो चलेगा।



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में 24 नवंबर से मुख्य कार्यक्रमों में ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग के मुख्य मंच पर एनजैडसीसी और कला एवं सांस्कृतिक विभाग की तरफ से जाने माने कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा। इतना ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम धार्मिक सद्भावना से ही ओतप्रोत होंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में देश के जाने माने कलाकारों को आमंत्रित करने की जिम्मेवारी उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला और हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग चंडीगढ को सौंपी गई है।

इन विभागों द्वारा 24 नवंबर से 1 दिसंबर से तक चलने वाले मुख्य कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी जानी है इसके लिए बकायदा रोस्टर शेड्यूल भी तैयार किया गया है। इस शेड्यूल के अनुसार 25, 26 व 30 नवंबर को एनजैडसीसी और 24, 27, 28, 29 व 1 दिसंबर को हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के माध्यम से प्रस्तुतियां होंगी।

### सीएम आज कई कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

*उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 14 नवंबर को कुरुक्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में सायं 3 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले सायं 3 बजे ब्रह्मसरोवर उत्तरी प्रवेश द्वार पर गीता सद्भावना यात्रा को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। इसके उपरांत कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मीडिया सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर प्रेस वार्ता करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगभग 4 बजे हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला में महोत्सव और श्रीगुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व को लेकर समाजसेवी और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। इसके उपरांत लगभग 6 बजे जिम खाना क्लब में कार्यकतार्ओं से दोनों कार्यक्रमों को लेकर चर्चा करेंगे। इन कार्यक्रमों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है।*

### इन्फ्लूएंसर करेंगे प्रमोट

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को सोशल मीडिया के प्लेटफार्म के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रमोट करने के उद्देश्य से विचार विमर्श किया जा रहा है। इन प्रभावशाली लोगों की जनसम्पर्क विभाग की तरफ से सूची तैयार की जाएगी और चुनिंदा प्रभावशाली लोगों को आमंत्रित भी किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से महोत्सव को देश के जाने माने एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर प्रचार सामग्री लगाकर प्रमोट किया जाएगा। इसके अलावा प्रमुख मार्गों और धार्मिक स्थलों पर भी प्रचार-प्रसार की सामग्री चस्पा की जाएगी। इतना ही नहीं हरियाणा रोडवेज की बसों, विभागीय यूनिपॉल और जीटी रोड के फुट ओवरब्रिज पर भी फलैक्स लगाने की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। इसके लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से 40 डिजाइन भी तैयार किए गए है।

### 1850 किलो धान और बाइक समेत दो काबू

**करनाल।** कुंजपुरा क्षेत्र में धान चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से 1850 किलो चोरी किया गया धान और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी चोरी किए धान को बेचने की फिराक में थे, तभी टीम ने छापा मारकर पकड़ लिया। थाना कुंजपुरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक मोटरसाइकिल पर धान लादकर बेचने जा रहे हैं। एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई कर दोनों को कस्बा कुंजपुरा में पकड़ा गया। पूछताछ में उनकी पहचान राहुल कुमार, पुत्र जिले सिंह, निवासी गांव जडोली जीत सिंह, पुत्र बुध सिंह, निवासी गांव कलवेरी के रूप में हुई। जांच में पता चला कि दोनों ने 9 नवंबर को आत्माराम एग्रो इंडस्ट्रीज सैलर से धान चोरी कर छिपा दिया था। मौके देखकर बेचने की योजना बना रहे थे।

## खबर संक्षेप



### टीम ने 264 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**पिहोवा।** लोगों के स्वास्थ्य की घर द्वार पर ही जांच करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही मेडिकल वैन गुरुवार को गांधी नगर और फौजी प्लॉट गुरुद्वारा बाबा मक्खन शाह में पहुंची। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद सिंह व डॉ. पूर्ण मल के नेतृत्व में टीम ने 264 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निशुल्क दवाई दी। इनमें से 60 लोगों के मुफ्त लैब टेस्ट भी किए गए।

### बाला सुंदरी मंदिर में संकीर्तन का आयोजन

**शाहबाद।** नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर में बाला सुंदरी सेवादार मंडली द्वारा अष्टमी के मौके पर संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें अजय गुप्ता, राजीव गुप्ता, पूर्ण आजाद ने माता की सुंदर-सुंदर भजन गाकर पूरा मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सतीश शर्मा और ऋषि शर्मा ने बताया माता बाला सुंदरी मंदिर में हर महीने की अष्टमी पर्व पर शाम के समय सेवादारों द्वारा संकीर्तन किया जाता है जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु आकर माता का गुणगान करते हैं। अंत में माता को भोग लगाया गया और कंजको का पूजन किया गया।

### खो खो गर्ल्स में एजीएस की टीम ने मारी बाजी

**पिहोवा।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की ओर से करवाई जा रही चार दिवसीय इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन अंडर 16 कबड्डी बॉयज की टीम के बीच मैच हुए इसमें जेम स्कूल गुलडेहरा की टीम पहले स्थान पर रही। जबकि आर्बर ग्रोव की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर 14 में जेवियर स्कूल की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। खो खो अंडर 18 गर्ल्स में वेल विशर स्कूल की टीम पहले स्थान पर रही और शिव मॉडल स्कूल की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर 14 गर्ल्स में शिव हाई स्कूल की टीम सेमीफाइनल में पहुंची।

### रक्तदान मानवता व संवेदनशीलता का प्रतीक

**कुरुक्षेत्र।** रक्तदान जैसे मानवीय कार्य समाज के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक हैं। परोपकारी भावना से ओत-प्रोत विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि समाजसेवा के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने यूआईईटी संस्थान और हार्ट हेल्प फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन समारोह में व्यक्त किए।

### गुरु तेग बहादुर निडरता और मानवता के प्रतीक

**कुरुक्षेत्र।** भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा नीति शास्त्र एवं दर्शन शास्त्र केंद्र और भारत विकास परिषद मैत्रेयी शाखा के संयुक्त तत्वावधान में गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ममता सचदेवा ने की। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन निडरता, सत्य और मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है। गुरु तेग बहादुर जी निडरता व मानवता के प्रतीक है। प्रतियोगिता में सात विद्यालयों के 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### लिटिल मिलेनियम के बच्चों ने किया भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल सेक्टर 3 के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पिपली जू का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के वन्य जीव जैसे— गुलदार, भालू, हिरण, बारहसिंगा, तोते और मोर आदि को देखा। बच्चों ने जानवरों के आचार-व्यवहार को समझने की कोशिश की तथा प्रकृति के साथ घुलने-मिलने का अनोखा अनुभव प्राप्त किया। हर उम्र के बच्चे नई-नई चीजों को जानने और अनुभव करने के इच्छुक होते हैं, और चिड़ियाघर उनके लिए नए दृश्य एवं ध्वनियों की खोज का एक रोमांचक अवसर प्रदान करता है।

## डंपिंग प्वॉइंट पर कई माह से जमा है कचरा

# शहर में कचरे के जैविक उपचार कार्य पर खर्च होंगे 29 लाख

इस प्रक्रिया पुराने कचरे को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से निपटाने या पुन:प्रक्रिया करने का काम होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। विधायक भगवानदास कबीरपंथी डंपिंग प्वाइंट का निर्माण कार्य को शुरू करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शहर के नड़ाना रोड स्थित डंपिंग प्वाइंट पर कई माह से जमा पुराने कचरे के जैविक उपचार कार्य का आज स्थानीय विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने शिलान्यास किया। इस प्रक्रिया पर 29 लाख रुपए का खर्च आएगा। इस परियोजना के तहत कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से प्रोसेस कर बायोरेमिडेशन से समाप्त किया जाएगा। इस प्रक्रिया पुराने कचरे को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से निपटाने या पुनःप्रक्रिया करने का काम होगा। विधायक कबीरपंथी ने कहा कि इस कार्य से न केवल पर्यावरण को स्वच्छता मिलेगी, बल्कि शहरवासियों को भी दुर्गंध और प्रदूषण से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर पालिका मिलकर स्वच्छता मिशन के तहत शहर को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करें और शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग दें। यह परियोजना शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि डंपिंग प्वाइंट पर जमा हजारों टन पुराने कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा, जिससे भूमि पुनः उपयोग योग्य बनेगी और पर्यावरण पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों में कमी आएगी।

### 5600 मीट्रिक टन कूड़े का जैविक उपचार होगा

जानकारी देते हुए नपा सचिव अजीत कुमार अरोड़ा ने बताया कि यह प्रोजेक्ट 29 लाख रुपए का है तथा एक माह में पुराने पड़े 5600 मीट्रिक टन कूड़े का जैविक उपचार होगा। मुरथल स्थित दीनबंधु यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस कूड़े का आकलन किया था तथा एक माह में इस पुराने कचरे को बायोरेमिडेशन से समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब इस जगह पर शहर का कचरा एकत्रित नहीं होता। शहर से आए दिन करीब 10 टन कचरा इक_ा होता है तथा पूरे सप्ताह का कचरा करनाल प्लांट में भेज दिया जाता है। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, मार्कीट कमेटी चेयरमैन रणदीप चौधरी, जय भगवान सीकरी, शिवम बंसल, रणजीत भारद्वाज, देवेन्द्र कामरा, राजेश छाबड़ा, कर्म चंद, अनिल सरपंच, ओमप्रकाश मल्होत्रा आदि रहे।

# अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी विभाग का बुलडोजर, हड़कंप

- प्रशासन ने की तीन जगहों पर तोड़फोड़, मची अफरा-तफरी
- विकास कालोनी, कटाबाग और मंगलपुर के पास बसाई जा रही कालोनियां ध्वस्त



करनाल में अवैध कालोनियों को ध्वस्त करती डीटीपी टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग ने करनाल में अवैध कालोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में फैली तीन अवैध कालोनियों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। डीटीपी गुंजन वर्मा की टीम ने जेसीबी के साथ की कार्रवाई गुरुवार सुबह डीटीपी गुंजन वर्मा के नेतृत्व में टीम जेसीबी और पुलिस के साथ निकली। पहले विकास कालोनी के पास बनी अवैध कालोनी को गिराया गया। फिर कटाबाग इलाके में कार्रवाई की गई। तीसरी कार्रवाई मंगलपुर रोड के पास चल रही अवैध कॉलोनी में की गई। टीम ने अनेक जगहों पर बनी नींव, सड़कें, छोटे निर्माण और अधूरी संरचनाओं को हटाया।

### चेतावनी

जेई मोहित ने कहा कि अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदने वाले अपना पैसा जोखिम में डालते हैं। लोगों को सलाह दी गई कि किसी भी स्थान का सरकारी अनुमोदन अवश्य जांचें। डीटीपी गुंजन वर्मा ने जनता से अपील की कि यदि कहीं अवैध कॉलोनी बन रही है तो तत्काल सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

### एचकेआरएन से जोड़ने की मांग को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी लगातार धरने पर डटे



**करनाल।** जिला सचिवालय के बाहर धरनारत अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन से जुड़े कर्मचारियों ने सरकार से हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) से जोड़ने की मांग दोहराई। कर्मचारियों ने कहा कि 2021 में किए वादे के अनुसार रोहतक पीजीआई के 1271 कर्मचारियों को भी अन्य विभागों की तरह एचकेआरएन में शामिल किया जाना चाहिए। कर्मचारी नेताओं सुरेंद्र और ईश्वंती ने कहा कि जून से हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों की मांगों पर सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की है। जब कर्मचारी सितंबर में रोहतक से चंडीगढ़ पैदल मार्च निकाल रहे थे तो उन्हें करनाल से आगे नहीं बढ़ने दिया गया।



### हरदीप कौर बनी कांग्रेस सेवादल महिला जिला शहरी प्रधान

**करनाल।** कांग्रेस सेवादल की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए हरदीप कौर को महिला जिला शहरी प्रधान करनाल नियुक्त किया गया। उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनम चौहान, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता शर्मा और जिला प्रधान अनिल शर्मा ने संयुक्त रूप से सौंपा। कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर हरदीप कौर का स्वागत किया। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कांग्रेस सेवादल की नीतियों व कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगी। जिला प्रधान अनिल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सेवादल जनसेवा को सर्वोपरि मानता है और सक्रिय सदस्यों को भविष्य में भी संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को कर्ण पार्क स्थित नेहरू स्मारक पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपप्रधान सुनीता, उपप्रधान सुशीला रानी, प्रदेश सचिव बलजीत चौहान, प्रदेश महासचिव जितेंद्र पांचाल, प्रदेश संगठन सचिव ईशम सिंह चौहान, जिला प्रवक्ता दीपक चौधरी, जिला महासचिव गुरमीत सिंह, इंद्री ब्लॉक प्रधान श्रवण कुमार आदि रहे।

# धान घोटाले पर भाकियू का विरोध-प्रदर्शन

- रतनमान बोले :4–5 हजार करोड़ का घोटाला
- नमी कट के नाम पर 175 करोड़ की अवैध वसूली और सरकार पर मिलीभगत का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने धान घोटाले की जांच पर नाराजगी जताते हुए काले कपड़ों में जिला सचिवालय तक प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने आरोप लगाया कि हरियाणा की मंडियों में इस बार रिकॉर्ड धान आवक दिखाई गई है, जबकि उत्पादन 25–30 प्रतिशत कम हुआ। यह सीधे-सीधे बड़ा फर्जीवाड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक 4 लाख 69 हजार टन धान अतिरिक्त दिखाया गया है। नमी काटने के नाम पर किसानों से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक अवैध कटौती हुई। कुल मिलाकर 175 करोड़ रुपये से अधिक लूट हुई।

### सरकारी संरक्षण का आरोप, जांच सिर्फ दिखावा

रतनमान ने कहा कि यह जांच ऐसे है जैसे बिल्ली को दूध की रखवाली पर बिठा दिया हो।" उन्होंने कहा कि बड़े अधिकारियों और सियासी व्यक्तियों पर कार्रवाई न होना बताता है कि सरकार घोटाले को छिपाना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई जांच हो तभी दूध-दूध और पानी का पानी होगा और किसानों ने मांग की कि पूरे धान घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाए, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा।



**करनाल।** कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### डीएवी महिला महाविद्यालय में जागरूकता शिविर लगाया

**करनाल।** डॉ. गणेश दास डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय में "मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. राकेश संधू ने की। व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ. राजेश, श्रीमती पूजा, श्रीमती प्रियंका एवं अन्य टीम सदस्यों ने छात्र अध्यापिकाओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत करवाया। विशेषज्ञों ने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए नियमित व्यायाम, ध्यान, संतुलित आहार और परिवार तथा मित्रों के साथ संवाद बेहद जरूरी है। छात्राओं व प्राध्यापिकाओं को स्वस्थ मानसिक जीवन के लिए कई व्यावहारिक टिप्स दिए गए। महाविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें छात्राओं की स्वास्थ्य जांच कर विशेषज्ञों ने उन्हें उचित आहार व नियमित व्यायाम को दैनिक जीवन में शामिल करने की सलाह दी।

# हिंद एंटी क्राइम ऑर्गेनाइजेशन प्रतिनिधिमंडल ने एडीजीपी डॉ. रवि किरण से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




हिंद एंटी क्राइम ऑर्गेनाइजेशन का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को सेक्टर-7 स्थित कार्यालय में एडीजीपी डॉ. रवि किरण से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। संगठन के प्रधान सुरेश खन्ना, एसएम कुमार, लाजपत राय, सुखबीर त्यागी, ओपी सचदेवा और रमन मिड्ढा उपस्थित रहे। प्रधान सुरेश खन्ना ने एडीजीपी को संगठन की सामाजिक गतिविधियों, अपराध रोकथाम अभियानों और जरूरतमंद पीड़ितों को दी जाने वाली कानूनी एवं आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि संगठन समय-समय पर स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता शिविर आयोजित कर युवाओं को अपराध से दूर रहने का संदेश देता है।एडीजीपी डॉ. रवि किरण ने संगठन द्वारा समाज में अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### पुलिस प्रशासन के साथ मजबूत समन्वय जरूरी

उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को पुलिस प्रशासन के साथ मजबूत समन्वय स्थापित कर अपराध पर रोक लगाने में योगदान देना चाहिए। इससे पहले संगठन की जिला स्तरीय बैठक एक निजी होटल में हुई, जिसमें बढ़ते आपराधिक मामलों, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध और हालिया दिल्ली आतंकी हमले पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में किरण खन्ना, डा. करूणा, नरेंद्र चौधरी, वेद प्रकाश, राज धीमान, केके देसवाल, लाजपत राय चुचरा, सुखदेव, इंद्रजीत सचदेवा, राजेंद्र, आरएम ग्रोवर, महेंद्र चौधरी, बिंदु गोयल, जतिन मित्तल, कुंदनलाल शर्मा, नरेश कुमार समेत बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

### विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कंवलजीत

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि जिला परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में विकास करवाया जा रहा है। विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर वीरवार को पंचायत भवन के सभागार में जिला परिषद की 126वीं बैठक को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि परिषद के पास करीब 15 करोड़ का बजट आया है, इस बजट में से करीब 12 करोड़ 66 लाख की स्टाम्प ड्यूटी प्राप्त हुई है और स्टाम्प डयूटी से ही संबंधित करीब 2 करोड 66 लाख रुपए की राशि पहले से ही जिला परिषद के पास है। उन्होंने बताया कि बैठक में 2 करोड़ 14 लाख रुपए एसएफसी के कार्यों के लिए और 87 लाख रुपए एफएफसी के कार्यों के लिए सभी सदस्यों की सहमति जरूरी।

# प्रताप स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी




तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते स्कूल के बच्चे ।

प्रताप पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बाल दिवस प्रार्थना सभा में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा मनाया गया। जिनका विषय था युवा पीढ़ी को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रखने के लिए प्रेरित करना। कार्यक्रम की शुरुआत निर्देशिका पिथी चौधरी , स्कूल के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा की उपस्थिति में की गई। शानदार नाटकीय प्रदर्शनी द्वारा बच्चों तक यह संदेश पहुंचाया गया। बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। बाल दिवस पर प्रार्थना सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के बारे में पूर्ण जानकारी और प्रेरणादायक भाषण दिए । स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री बच्चों से बेहद प्यार करते थे और कार्यक्रम में इस अवसर पर उनकी भावना को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निर्देशिका पिथी चौधरी , स्कूल के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा की उपस्थिति में की गई।

### पुलिस प्रशासन के साथ मजबूत समन्वय जरूरी

स्कूल निर्देशिका पिथी चौधरी ने अपने संबोधन में छात्रों को बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने इस विशेष दिवस पर बच्चों को बधाई दी। उन्होंने बच्चों की तुलना खूबसूरत फूलों से की और उन्हें हर जगह अपनी खुशबू फैलाने के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने छात्रों को पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा किए गए असाधारण बलिदानों की भी याद दिलाई और छात्रों से अपने सभी प्रयासों में उन्हें एक आदर्श के रूप में रखने के लिए कहा। स्कूल परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल रहा क्योंकि यह एक ऐसा दिन था जिसमें मौज मस्ती का बोल बाला था।

# करम ब्रार का नियंत्रित ऊर्जा वाला नया हिपहॉप ट्रैक जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- गाने के म्यूज़िक वीडियो में जसकरन ग्रेवाल की प्रमुख भूमिका
- गाने के बोल इंदर ढींडसा ने लिखे है

पंजाबी हिपहॉप के क्षेत्र में रैस, लव विर्क और करम ब्रार ने अपना नया ट्रैक 'ग्लॉक टॉक' जारी किया है। ताकत, संयम और मौजूदगी के भाव पर आधारित यह गाना गलियों की संस्कृति और मौन प्रभाव वाली सोच को दर्शाता है। गाने के बोल इंदर ढींडसा ने लिखे हैं, जिसमें कम शब्दों में प्रभाव पैदा करने की शैली अपनाई गई है।

इस गीत का संगीत और प्रोडक्शन रैस (musicbyraes) ने किया है। रैस ने बताया कि ट्रैक को ज़्यादा शोर नहीं, बल्कि नियंत्रित और सिनेमेटिक ऊर्जा के साथ तैयार किया गया है, ताकि गाने का असली संदेश—"शक्ति बिना शोर भी प्रभावशाली होती है"—स्पष्ट रूप से उभर सके।

लव विर्क ने कहा कि 'ग्लॉक टॉक' हथियारों या हिंसा पर केंद्रित नहीं, बल्कि उद्देश्यपूर्ण व्यक्तित्व, नियमों और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सोच पर आधारित है। करम ब्रार की प्रस्तुति ने गाने में संतुलित तेवर जोड़े हैं।

गाने के म्यूज़िक वीडियो में जसकरन ग्रेवाल की प्रमुख भूमिका है, जिन्होंने अपने अंदाज और विजुअल उपस्थिति से ट्रैक की थीम,शांत उग्रता और नियंत्रण को मजबूत किया है।

'ग्लॉक टॉक' के साथ टीम पंजाबी हिपहॉप में मौन प्रभाव, संयमित शक्ति और स्ट्रीट कल्चर की नई परिभाषा प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही है।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ के 17 दिसंबर को जिला स्तरीय धरने, फरवरी में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

- सभा में सेवानिवृत कर्मचारियों की लंबित मांगों को लागू करवाने की रणनीति बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




**करनाल।** बैठक में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की खंड कुंजपुरा की बैठक प्रजापति धर्मशाला कुंजपुरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान रमेश कुमार ने की तथा संचालन खंड सचिव इन्द्रपाल सिंह ने किया। सभा को बलराज सिंह, सुरेंद्र रावत, हुकम सिंह, राजपाल सिंह, गुरदयाल सिंह और मनोहर लाल ने संबोधित किया। सभा में सेवानिवृत कर्मचारियों की लंबित मांगों को लागू करवाने की रणनीति तय की गई। निर्णय लिया गया कि 17 दिसंबर को प्रदेशभर में जिला स्तरीय धरने आयोजित कर मांगों का ज्ञापन उपायुक्तों को सौंपा जाएगा। खंड प्रधान रमेश कुमार ने कहा कि 22–23 फरवरी 2026 को सैनी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पेंशन वित्त विधेयक वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा। सभी विभागों, बोर्ड, निगमों व कॉर्पोरेशन के रिटायर्ड कर्मचारियों को आंदोलन से जोड़ने, लंबित मामलों को दस्तावेजों में एकत्र करने और सदस्यता अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया।

### पुलिस प्रशासन के साथ मजबूत समन्वय जरूरी

बैठक में मनोहर लाल, प्रेम चंद वर्मा, सुभाष चंद, नरेंद्र शर्मा, जगदीश, जयपाल सिंह, जगमाल सिंह, राजकुमार, रामेश्वर दास, ज्ञान सिंह, महावीर सिंह, सुरेश पाल, गुलाब सिंह, बलदेव सिंह, सेवा सिंह, जय सिंह, पालाराम, महेन्द्र सिंह, चंद्रभान, हरिकिशन, फूलसिंह, पूर्ण चंद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आईटीआई चौक पर चाय के खोखे में लगी आग




- गैस सिलेंडर मौजूद होने से बड़ा हादसा टला–दुकानदार को हजारों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आईटीआई चौक पर एक चाय के खोखे में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग तेजी से फैल रही थी और खोखे में रखा गैस सिलेंडर स्थिति को और खतरनाक बना रहा था। लोगों ने बाल्टियों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। फायर ब्रिगेड ने समय रहते काबू किया फायर टीम के पहुंचने के बाद आग को पूरी तरह बुझाया गया। पुलिस ने चौक का इलाका खाली करवाकर ट्रैफिक रोक दिया। डायल 112 इंचार्ज विनोद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग किसी शरारती तत्व द्वारा लगाए जाने का शक है। दुकानदार के हजारों रुपये के सामान जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने

## खबर संक्षेप

### यूपी के बुजुर्ग ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत की देश राज कॉलोनी में किराये के मकान में निवास कर रहे 63 वर्षीय बुजुर्ग रामपाल मूल निवासी मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश ने अपने कमरे में फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इधर, मृतक के पुत्र प्रवेश ने बताया कि रामपाल को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी। इधर, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाल रामपाल का शव उसके परिजनों के सौंप कर इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### बस सड़क से नीचे उतरी चालक व परिचालक बचे

**पानीपत।** पानीपत के गांव उंटला के पास वीरवार की सुबह जींद के सफीदों से पानीपत आ रही एक प्राइवेट बस सड़क किनारे गड्ढे में उतर गई। हादसे के दौरान बस में करीब 40 यात्री सवार थे। वहीं, हादसे में यात्री, बस चालक व परिचालक बाल बाल बच गए। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शिक्षा मंत्री ने खुला दरबार लगाया

**पानीपत।** भाजपा के कार्यालय श्याम कमल में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने गुरुवार को जनता दरबार लगा कर पब्लिक की समस्याएं सुनी और संबंधी विभाग के अधिकारी को समस्या के हल के आदेश दिए। इधर, मंत्री ढांडा ने कहा कि किसी भी नागरिक को अपने अधिकारों के लिए भटकना न पड़े, यह सरकार की प्राथमिकता है। जनता की हर समस्या का हल किया जाएगा। इस अवसर पर राकेश, दिलीप, सुरेंद्र, विपन, नीरज आदि उपस्थित रहे।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**पानीपत।** पानीपत के गांव जौंधन कलां में 20 वर्षीय नितिन ने अपने कमरे में फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इधर, पिता जयभगवान की सूचना पर इसराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद पुलिस ने नितिन के शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इधर, मृतक के पिता जय भगवान ने पुलिस को बताया कि नितिन पिछले कुछ दिनों से गुमसुम रहता था, लेकिन उसने किसी को अपनी परेशानी के बारे में कुछ नहीं बताया था। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पंजीकरण पोर्टल में सुधार किया

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पंजीकरण पोर्टल में कई नई सुविधाएं और तकनीकी सुधार सफलतापूर्वक लागू किए गए हैं, जिनसे नागरिकों को अधिक सहज, तेज और पारदर्शी सेवाएं प्राप्त होंगी। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि नागरिक अब नमूना विलेख (सेम्पल डीड) का पूर्वावलोकन अनुमोदन से पहले देख सकेंगे।

### कांशीगिर मंदिर में गीता पर प्रवचन किए

**पानीपत।** सनौली रोड स्थित श्री कांशीगिर मंदिर में मानव चेतना केंद्र ऋषिकेश से पधारे स्वामी श्री ब्रह्मस्वरूपानंद ने अवधूत गीता पर प्रवचन किए। इस अवसर पर जन सेवा दल के प्रधान कृष्ण मनचंदा, हरीश खुराना, चमन गुलाटी, युधिष्ठिर शर्मा, कमल गुलाटी, अशोक अरोरा, ओम प्रकाश सिंधवानी, श्यामलाल खूंगर, राजू कथूरिया, राकेश गांधी, प्रेम खुराना, योगराज आर्य, लेखराज जताना, मदनलाल आजाद, पवन , आदेश , पूजा, ओम प्रकाश, राजपाल एवं ऊंचा गांव सेवक मंडल के सभी सेवादार उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर में जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय में समाधान शिविर में 47 शिकायतें आई। इन शिकायतों को जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. किरण सिंह ने निराकरण के लिए संबंधी विभागा को सौंप दिया। दूसरी ओर, डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस विभाग से संबंधित सभी शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर डीएचओ शार्दुल शंकर, पुलिस कंप्लेंट अधिकारी महेश त्यागी, कंप्लेंट अधिकारी रमेश व जोगिंदर आदि उपस्थित रहे।

## शैक्षिक अनुसंधान, नए विचारों को बढ़ावा देने वाला मंच है अन्वेषण

# एसडी कॉलेज ने अन्वेषण 2025 में पाया प्रथम स्थान

**विजेता विद्यार्थियों व प्राध्यापक समन्वयक डॉ. रवि कुमार का स्वागत किया**



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की दो टीमों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित अन्वेषण 2025 में अंतर्विषयक केटेगरी में भाग लेते हुए पहला स्थान हासिल किया। जबकि उत्तराखंड में आयोजित होने वाली नार्थ जोन की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया। इसी केटेगरी में 'विभाजन की विभीषिका' विषय पर कॉलेज की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। विजेता विद्यार्थियों व प्राध्यापक समन्वयक डॉ. रवि कुमार का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा आदि ने जोरदार स्वागत किया।

इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि 2007 में शुरू किए गए अन्वेषण शोध को भारत में शैक्षणिक अनुसंधान समुदाय को नवीन विचारों और छात्रवृत्ति को बढ़ावा देने हेतु एक जीवंत मंच प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। जी 20 में भारत की अध्यक्षता के उपलक्ष्य में यह संघ सभी देशों के विश्वविद्यालय के छात्रों को सहयोगात्मक परियोजनाएं विकसित करने और अपने शोध विचारों को अगले स्तर तक ले जाने के लिए आवश्यक संसाधन और सहायता प्राप्त करने के अवसर हेतु अन्वेषण में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है। वहीं, सर्वश्रेष्ठ शोध परियोजनाओं को बाद में नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और स्वर्ण पदक के साथ सम्मानित किया जाता है।

# प्रदूषण, जंक फूड, नशे की लत से बढ़ रहा है दिल का रोग

- नियमित योग, व्यायाम व सैर करने से दिल मजबूत होता है और रोग से बचाव होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** पानीपत में प्रेस वार्ता करते हुए डॉ. दिनेश चंद्रा व डॉ. सुमन ग्रेवाल। फोटो :हरिभूमि

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के कार्डियक सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ.दिनेश चंद्रा ने कहा कि प्रदूषित वातावरण व पानी, फास्ट फूड, नशे की लत, शराब व धुम्रपान के अधिक सेवन के चलते दिल के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि दिल के रोग से बचाव के लिए हर नागरिक को शराब व धूम्रपाल, तंबाकू आदि नशीले पदार्थों का त्याग करना होगा। वहीं फास्ट फूड का सेवन बंद करते हुए भारतीय भोजन को अपनना होगा। नियमित योग, व्यायाम व सैर करने से भी दिल मजबूत होता है और रोग से बचाव होता है। डॉ.दिनेश चंद्रा, वीरवार को प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग ने समालखा स्थित अमृत हॉस्पिटल में अपनी एक्सक्लूसिव कार्डियक सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत कर दी है। इस अवसर पर अमृत हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ.सुमन ग्रेवाल भी उपस्थित रही। डॉ.दिनेश ने कहा कि कार्डियक सर्जरी की जरूरत उन मरीजों को होती है जिन्हें गंभीर कोरोनरी आर्टरी डिजीज, वाल्व संबंधी हार्ट प्रॉब्लम जो रूमेटिक या डीजनरेटिव हो सकते हैं या जन्मजात हृदय विकार होते हैं।

## चेतना स्कूल के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री दी



**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल के कक्षा तीसरी से छठी के विद्यार्थियों ने भरत कॉलोनी गढ़ी सिकंदरपुर में स्थित चेतना स्कूल का दौरा किया। छात्र अपने-अपने घर से कपड़े, जूते जुराब, खाने पीने का सामान कापी, किताबें, पेंसिल आदि चीज लेकर आए सभी सामान के पैकेट बनाए गए और शिक्षिकाएं अपने बच्चों को लेकर चेतना विद्यालय में गए। वहां छात्रों द्वारा उन बच्चों को वह सामान दिया गया तथा उनसके बातचीत की। दोनों विद्यालयों के बच्चे आपस में मिलकर बड़े खुश हुए। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने बच्चों के इस कार्य की सराहना की। प्रधानाचार्या रेनुका अनेजा ने बच्चों की सराहना करते हुए इस प्रकार के कार्य के फायदे बताए।

# थर्मल के बॉयलर्स में होगा पराली का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** नेशनल मिशन बायोमास की जागरूकता कार्यशाला में उपस्थित किसान आदि।

नेशनल मिशन बायोमास (समर्थ) द्वारा आयोजित तथा राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली द्वारा किसानों को पराली को न जलाने हेतु एवं उसको पेलेट निर्माता को देने हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन वीरवार को स्काई लार्क टूरिस्ट रिजॉर्ट में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में किसान, लघु निर्माता संगठन, पेलेट निर्माता आदि सम्मिलित हुए तथा उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीण गुप्ता, मेंबर (थर्मल), सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने अपने संबोधन में ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में पराली (फसल अवशेष) की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यदि पराली को खेतों में जलाया जाता है, तो इससे वातावरण प्रदूषित होता है, जबकि उसी पराली को पेलेट बनाकर थर्मल पावर प्लांट में ईंधन के रूप में उपयोग किया जाए तो प्रदूषण में कमी आती है और साथ ही किसानों की आमदनी भी बढ़ती है। उन्होंने जानकारी दी कि देश के 71 थर्मल पावर प्लांट पराली को जलाने (बायोमास कॉ-फायरिंग) में सहायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि बायोमास कॉ-फायरिंग एक प्रभावी तकनीकी विकल्प है जो स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में सहायक है। उन्होंने किसानों से पराली को पेलेट निर्माताओं को उपलब्ध कराने की अपील की।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर समर्थ मिशन एवं सीजीएम, एनटीपीसी के मिशन निदेशक अनिल बवेजा, एनपीटीआई के महानिदेशक हेमंत जैन, प्रधान निदेशक डॉ. इंदु माहेश्वरी, सुरेंद्र कुमार डायरेक्टर, एनपीटीआई (एनआर), नई दिल्ली, मनोज कुमार यादव, मिशन सदस्य, समर्थ मिशन, अमित आहूजा, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर पानीपत थर्मल पावर प्लांट, डॉ. देवेंद्र सिंह, सब डिविजनल एग्रीकल्चरल ऑफिसर, डिस्ट्रिक्ट एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट, पानीपत, डॉ. मोहित, डीएससी राजेश शुक्ला, उप निदेशक, एनपीटीआई दिल्ली, अमित भड़ाना, सलाहकार एनपीटीआई, दिल्ली शामिल रहे।

# हिंदू धर्म के विद्यार्थियों के साथ अन्याय बंद हो : डॉ. आर्य

- श्राइन बोर्ड के मेडिकल कॉलेज में हिंदू विद्यार्थियों को समान अधिकार को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** जिला सचिवालय में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए हिंदू संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर उठे विवाद के संदर्भ में वीरवर को विभिन्न हिन्दू संगठनों ने सिद्ध पीठ श्री बाबा गंगा पुरी में सर्व समाज कल्याण समिति के नेतृत्व में उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हिन्दू संगठनों ने कहा कि श्राइन बोर्ड का यह संस्थान हिन्दू श्रद्धालुओं के अर्पण और दान से निर्मित हुआ है। अतः इस संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया में हिन्दू विद्यार्थियों के साथ समान अवसर और सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि इस विषय की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और भविष्य में प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी एवं संतुलित रूप से की जाए ताकि धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। इस अवसर अनेक हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर महंत रविंद्र पुरी, पवन, गजेंद्र सलूजा, राजीव, केदार, यश हुडिया, रविंदर तुशामड़, राजेश, मनोज, पंकज, डॉ.राजबीर व सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## शब्दों की सही स्पैलिंग सीखें विद्यार्थी : डॉ. मलिक



**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबन्धन विभाग के तत्वावधान में बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि युवा पीढ़ी सोशल मीडिया में इतनी ज्यादा व्यस्त हो गई है कि उनको शब्दों की सही स्पैलिंग तक नहीं आती। इस कॉम्पिटीशन के जरिये स्टूडेंट्स प्रतिस्पर्धियों से सीखते हैं और अपनी लैंग्वेज स्किल को डेवलप करते हैं, जो उन्हें आगे करियर में भी मदद करती है। इधर, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तन्नु व कशिश, द्वितीय वंश व तृतीय ईशा रही। वहीं, विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### छात्राओं ने की ग्राम पंचायत

**पानीपत।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव इसराना में छात्राओं द्वारा खंड स्तरीय युवा ग्राम पंचायत का मंचन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सुरेश सैनी, सत्यवान सिंह, भगत सिंह, अनिता गर्ग, अनिल कुमार, सत्यनारायण, डॉ. रविंद्र शर्मा, अनीता गर्ग, अजय, राजेश कुमार, संजीव कुमार, सोमदत्त, यशवीर सिंह, जगदीप सिंह, प्रीति देवी, सीमा रानी, सुदेश जागलान, पूजा रानी, किरन शर्मा विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## समालखा में सड़कों से एकमुश्त अतिक्रमण हटवाया



**समालखा।** समालखा में अतिक्रमण हटवाने हुए एसडीएम, डीएसपी आदि।

**समालखा।** समालखा में फ्लाई ओवर के नीचे से अवैध सब्जी मंडी को हटवाया गया। वहीं, रेलवे रोड का अतिक्रमण करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की गई। प्रशासन, नगर परिषद ने पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त किया। इधर, अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई बाधित ना हो इसके लिए बडी संख्या में पुलिस बल को लेकर एसडीएम अमित कुमार व डीएसपी नरेंद्र कादियान भी फिल्ड में रहे। अतिक्रमणकारियों व प्रशासन के बीच कई बार बहस हुई, लेकिन पुलिस के सामने अतिक्रमण हटाने का विरोध करने वालों की एक नहीं चली। इधर, समालखा फ्लाईओवर के नीचे से लेकर रेलवे स्टेशन तक एसडीम अमित कुमार व समालखा डीएसपी नरेंद्र कादियान ने समालखा नगर परिषद सेक्रेटरी मनीष शर्मा की अगुवाई में सडकों को अतिक्रमण मुक्त किया गया। वहीं, फिर से फ्लाई ओवर के नीचे या फिर सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

## भगवान काल भैरव मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की

# विश्व का आधार है श्री सनातन संस्कृति

**धार्मिक कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने यजमान की भूमिका निभाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** गुरु रविदास सेवा समिति काली मंदिर में पूजन करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, आदि।

पानीपत की सनौली रोड की सब्जी मंडी स्थित गुरु रविदास सेवा समिति काली मंदिर के परिसर में काल भैरव जयंती पर भगवान काल भैरव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ की गई। वहीं, इस धार्मिक कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने यजमान की भूमिका निभाई।

जबकि दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, भाजपा युवा नेता राहुल विज, वार्ड पार्षद अमित नारंग, कमल अरोड़ा, ओम प्रकाश, प्रवीण बरवाल, हिमांशु वीरमणि, विक्की कत्याल, नरेश गोस्वामी, रोहताश देशवाल, विक्की बत्रा, संदीप मलिक, दीपक गोयल, राजेश गुप्ता,विजय सहगल, दीवांशु वर्मा, जसबीर गोगा, मयूर सैनी मंदिर में उपस्थित रहे। वहीं, धार्मिक समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि भारत एक सत्य सनातन वैदिक राष्ट्र है। वहीं श्री सनातन संस्कृति में भगवान काल भैरव का स्थान विशेष है। उन्होंने कहा कि "काल" का अर्थ है समय और "भैरव" का अर्थ है भय को हरने वाला।

इस रूप में वे मृत्यु और काल के भी अधिपति माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा के साथ भगवान काल भैरव की भक्ति करता है, उसे मोक्ष मार्ग में आने वाली बाधाओं से मुक्ति मिलती है।

### कब्जे हटवाएं

**समालखा।** जिला योजनाकार विभाग ने समालखा में पावर हॉउस के पीछे करीब साढ़े पांच एकड़ और इंडस्ट्री एरिया के पास करीब बारह एकड़ में बने रास्ते, नाले, बाउंड्री वाल, अवैध निर्माण, डीपीसी को ध्वस्त करवा दिया। इधर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट गोपाल क्लावत ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें।

### 264 का स्वास्थ्य जांचा

**पिहोवा।** लोगों के स्वास्थ्य की घर द्वार पर ही जांच करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही मेडिकल वैन गुरुवार को गांधी नगर और फौजी प्लॉट गुरुद्वारा बाबा मक्खन शाह में पहुंची। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद सिंह व डॉ. पूर्ण मल के नेतृत्व में टीम ने 264 लोगों के स्वास्थ्य की जांचा।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**प्रथम पुरस्कार (कार, 1 नग )**

1. ब्रिज शंकर सुपुत्र श्री मानव लाल आहूजा, न्यू मॉडल टाऊन, हिसार

**द्वितीय पुरस्कार (स्कूटी, 2 नग )**

1. नैनिका मौर्या सुपुत्री श्री उत्कर्ष मौर्या, हालू बाजार, भिवानी
2. उदयभान सुपुत्र श्री देवदत्त शुक्ला, लाईन पार एरिया, बहादुरगढ़

**तृतीय पुरस्कार (एलईडी टीवी, 2 नग )**

1. श्रीमति मंजू पत्नी श्री विनोद कुमार, म.नं. 1564, एनएचबी कॉलोनी, रोहतक
2. समर तायल सुपुत्र श्री भुनेश्वर तायल, आदर्श नगर, महेन्द्रगढ़

**चौथा पुरस्कार (रेफ्रीजरेटर, 2 नग )**

1. दरिया सिंह सुपुत्र श्री हरिराम, 232/28, मालवीय नगर, सोनीपत
2. प्रथम कुमार साहू सुपुत्र श्री दिवांकर साहू, नजदीक तालाब चौक, झज्जर

**पांचवा पुरस्कार (वाशिंग मशीन, 2 नग )**

1. जितेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री बिशम्बरदयाल, गौतम नगर, रेवाड़ी
2. रेयांश माथुर सुपुत्र श्री प्रेमलाल माथुर, रतिया रोड़, फतेहाबाद

**छठा पुरस्कार (माईक्रोवेव ऑवन, 3 नग )**

1. आरती, म. नं. 119, धर्मबीर कॉलोनी, वार्ड नं. 3, घरौंडा, करनाल
2. महासिंह सुपुत्र श्री रणजीत सिंह, राजनगर, कैथल रोड, जीन्द
3. श्री दलबीर सिंह सुपुत्र कपूर सिंह, वार्ड नं. 1, हिसार बाईपास, शास्त्री नगर, रोहतक

**सातवां पुरस्कार (गैस स्टोव (2 बर्नर), 3 नग )**

1. सीमा धर्मपत्नी श्री राकेश जुलाना, जीन्द
2. लक्ष्मण दास नम्बरदार पुत्र श्री कंवरभान, दुजाना, बेरी, झज्जर
3. राम निवास सुपुत्र श्री बिरजू, गांव माजरा, भाखली, रेवाड़ी

**आठवां पुरस्कार (इंडक्शन कुक टॉप, 5 नग )**

1. श्री सोमदत्त त्यागी सुपुत्र श्री मनजीत राम त्यागी, 449 बी, ओल्ड डीसी रोड, सोनीपत
2. श्रीमति ओमवति सुपुत्र भूप सिंह, गांव व डा. बलंभा, तह. महम, रोहतक
3. सचिन सुपुत्र श्री रत्तन लाल, मौहल्ला मिराजी, शिव नगर, वार्ड नं. 20, नारनौल, महेन्द्रगढ़
4. आदित्य वर्मा पुत्र श्री भीम सिंह निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी
5. राजबीर, श्री वीर सहाय, भट्टू रोड, मुलाना सिनेमा, फतेहाबाद

**नौंवा पुरस्कार (रुम हीटर, 5 नग )**

1. लेखपाल सुपुत्र श्री रामदिया, बख्तावरपुर, सोनीपत
2. चेतना देवी धर्मपत्नी श्री नरेन्द्र, महराना, झज्जर
3. चन्द्रभान पुत्र श्री रतन सिंह, निवासी दुल्हेड़ा, जिला झज्जर
4. फिलीना गाहलयान पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह, मकान नं. 11, पार्क कालोनी, भिवानी
5. रोहताश पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी गांव दौलतपुर जिला हिसार

**दसवां पुरस्कार (प्रेशर कूकर, 5 नग )**

1. दीपांशु सुपुत्र श्री दुष्यंत कुमार, गांव गोलिका, मनेठी, रेवाड़ी
2. श्री रणधीर सिंह सुपुत्र चेतन सिंह, वार्ड 6, कलानौर, रोहतक
3. राधा कृष्ण पुत्र श्री सूरजभान, मकान नं. 1446/12 क्वार्टर रोड, शिव मंदिर के पास, हिसार
4. राजबीर सिंह पुत्र श्री होश्यार सिंह, गांव बामनौली, बहादुरगढ़, जिला झज्जर
5. सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुखराम प्रजापत, वार्ड नं. 6, पुराना बाजार, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़

### आवश्यक सूचना

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

**हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक**

**ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005**

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने रूट किए डायवर्ट

**अंबाला।** शुक्रवार को पंजाब के संगठनों की ओर से शंभू बार्डर पर एकत्रित होकर अपनी मांगों के लिए दिल्ली कूच करेंगे। इस कौमी इंसाफ मोर्चा संगठन के आह्वान के दौरान अंबाला से राजपुरा पंजाब मार्ग पर यातायात का आवागमन प्रभावित होने की सुरत में आम नागरिकों के लिए यातायात रूट डायवर्ट किए गए हैं।

### धमकी देने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज रास्ता रोक कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी आकाश व वंश को गिरफ्तार किया है। रंगिया मंडी के राजन ने 8 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि नजदीक अंबेडकर नगर चौक के पास आरोपी आकाश, वंश व 10-15 अन्य मोटरसाइकिल सवार लडकों ने उसका, चिराग व श्याम का रास्ता रोककर लाठी डंडों से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है।

### हत्या के प्रयास आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी हुसैन शाह को गिरफ्तार किया है। दुर्गा कॉलोनी के राज ने 21 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि दुर्गा कॉलोनी कालाअंब में आरोपी हुसैनशाह व अन्य ने उससे अभद्र व्यवहार कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### शराब तस्करी के मामले में वांछित आरोपी काबू

**अंबाला।** बेलजंपरों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना अंबाला सदर में दर्ज अवैध शराब तस्करी के मामले में वांछित आरोपी समीर खान को काबू किया गया है। अदालत की ओर से आरोपी को पीओ घोषित किया गया था। 12 नवंबर 2025 को इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया गया है। निरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष-2018 में अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज हुआ था।

# देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर सरदार पटेल ने रखी थी एकता की नींव

- पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने यूनिटी मार्च को दिखाइ हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत और जिला प्रशासन अंबाला की ओर से यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया गया। यह मार्च राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश प्रेम का संदेश लेकर सम्राट पृथ्वीराज चौहान चौक से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से निकाला गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित युवाओं का उत्साहवर्धन किया और यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान असीम गोयल ने दिल्ली में हुए ब्लास्ट और वोट चोरी की बात कह रही कांग्रेस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कुछ समय बाद राहुल गांधी कांग्रेस चोरी के आरोप लगाएंगे। गोयल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर भारत की एकता की नींव रखी थी। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह यूनिटी मार्च युवाओं को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश देता है। पूर्व मंत्री ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत है और जब यह युवा संगठित होकर राष्ट्रहित में आगे बढ़ेगा, तभी सच्चे अर्थों में एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने युवाओं को नशामुक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की शपथ भी दिलाई। यूनिटी मार्च के दौरान बड़ी संख्या में युवा, स्कूली छात्र, सामाजिक संगठन और अधिकारी शामिल हुए। मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एकता के प्रतीक नारों के साथ आगे बढ़ा। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति का परिचय दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, मेरा युवा भारत सदस्य अर्पित अग्रवाल, एसडीएम दर्शन कुमार, मार्केट कमेटी चेयरमैन जसविंदर सिंह, गुरविंदर मानकपुर, दिनेश लदाना, सुंदर ढींगरा, गुरप्रीत सिंह शाना, योगेश साहनी, रजनीश भल्ला, हितेश जैन व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस दौरान असीम गोयल ने वोट चोरी की बात कर रहे राहुल गांधी और कांग्रेसी नेताओं को आड़े हाथों लिया।

#### वोट चोरी पर हमला

बता दें कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा अंबाला से वोट चोरी के मुद्दे को लेकर अभियान शुरू कर रहे हैं। इस पर कटाक्ष करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि जिस पार्टी के नेता चुनाव के बीच में विदेश यात्राएं करते हों वो वोट चोरी की ही बात करेंगे। जबकि हमारे नेता जनता के बीच रहते हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी कांग्रेस की गुटबाजी और गलत नीतियों से हुई है। गोयल ने कहा कि 2014 से कांग्रेस का यह विधवा विलाप चल रहा है। आज अंबाला में कर रहे हैं,कल प्रदेश के अलग हिस्सों में होगा। राहुल गांधी और हुड्डा इसी तरह लगे रहे तो एक दिन पूरी कांग्रेस चोरी हो जाएगी। दिल्ली में हुई घटना से पूरा देश रोष में है।

#### एकजुटता का संदेश

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए असीम गोयल ने कहा इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और देश के गृह मंत्री साफ कह चुके हैं कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने कहा कि यह मुद्दा राजनीति करने का नहीं। यह समय एकजुटता का संदेश देने का है।

## अंबाला शहर तहसील में हुई 34 करोड़ की पेपरलेस रजिस्ट्री

# स्टांप ड्यूटी की एवज में सरकार को मिले 2.38 करोड़ रुपये

सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 1 नवंबर से पेपरलेस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का कार्य सुचारू कर दिया गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** मालिकों को रजिस्ट्री के दस्तावेज सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर तहसील में वीरवार को पेपरलेस रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के तहत सबसे बड़ी रजिस्ट्री हुई। इस रजिस्ट्री में लेन-देन राशि लगभग 34 करोड़ रूपए थी। इस रजिस्टरी के तहत स्टांप ड्यूटी के तहत राजस्व के रूप में सरकार को 2 करोड़ 38 लाख रूपए की राशि भी प्राप्त हुई है।

अम्बाला शहर तहसील में एसीयूटी राहुल कंवरिया, एसडीएम दर्शन कुमार, डीआरओ राजेश ख्यालिया व तहसीलदार आदित्य रंगा ने रजिस्ट्री मालिक के ऑथोरिटी सेनेटरी जुड फ्रैंडस को पेपरलेस रजिस्टरी भी वितरित की। एसडीएम दर्शन कुमार के साथ-साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 1 नवंबर 2025 से पेपरलेस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का कार्य सुचारू कर दिया गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि अंबाला शहर तहसील में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। किसी भी व्यक्ति को पेपरलेस रजिस्ट्री के बारे में या उससे जुड़े कार्य की कोई भी जानकारी चाहिए तो वह किसी भी कार्यदिवस पर आकर जानकारी प्राप्त कर सकता है। यहां पर बैठे कर्मचारी द्वारा संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पेपरलेस रजिस्टरी शुरू होने से पारदर्शिता आएगी तथा लोग अपने रजिस्ट्री से जुड़े कार्य को घर बैठे आसानी से करवा सकेंगे। पेपरलेस रजिस्टरी प्रक्रिया के तहत व्यक्ति ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। जहां पर समयबद्ध तरीके से उसके दस्तावेजों को चेक किया जाएगा। ऑनलाईन प्रक्रिया से ही उसे रजिस्टरी की तमाम औपचारिकताएं पूरी होने के बाद केवल फोटो के लिए तहसील में आना होगा।

#### सरकार का सराहनीय कदम

पेपरलेस रजिस्टरी के माध्यम से कार्य करवाने वाले डिमार्ट के ऑथोरिटी सेनेटरी जुड फ्रैंडस से बातचीत की गई तो उन्होंने भी सरकार द्वारा उठाए गए इस सराहनीय कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से रजिस्टरी के कार्य में जहां सुगमता आई है वहीं लोगों के तहसील कार्यालय में बार-बार आने-जाने का समय भी बचा है। पूरी पारदर्शिता के साथ पेपरलैस रजिस्टरी का कार्य हो रहा है। डीआरओ राजेश ख्यालिया ने बताया कि उपायुक्त के दिशा-निर्देशानुसार पेपरलेस रजिस्टरी के सभी कार्य प्राथमिकता से हों इस बारे में दिशा-निर्देश भी दिए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि किसी भी नागरिक को इस नई प्रणाली से कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिक ई-रजिस्टरी के लिए **eregistration.revenueharyana.gov.in** पर जाकर आवेदन, दस्तावेज सत्यापन और अपॉइंटमेंट की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। यह प्रणाली न केवल पारदर्शिता बढा रही है बल्कि समय की बचत और दक्षता में भी वृद्धि कर रही है।

## स्विमिंग में अंबाला का जलवा

# 1500 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में देव बने विजेता


**अंबाला।** नकद पुरस्कार के साथ खिलाड़ी व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप-2025 जिला में आयोजित करवाई गई। इसमें वॉलीबाल तथा हैंडबाल खेल की प्रतियोगिता आधुनिक खेल स्टेडियम बड़ागढ़ तथा बैडमिंटन तथा स्वीमिंग खेल की प्रतियोगिता अंबाला छावनी में आयोजित करवाई गई। स्वीमिंग खेल के विजेता खिलाडिय़ों को राजेंद्र विज, प्रधान जिला तैराकी संघ, कविता देवी, उपनिदेशक खेल तथा सुधा भसीन, उपनिदेशक खेल, मुख्यालय तथा राम स्वरूप शर्मा, जिला खेल अधिकारी द्वारा खेल विभाग द्वारा निर्धारित नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार बैडमिंटन खेल के खिलाडिय़ों को खेल विभाग के उपनिदेशक खेल राकेश पांडे तथा पूर्णिमा, बैडमिंटन प्रशिक्षका द्वारा नकद ईनाम देकर सम्मानित किया गया।

#### ये रहे परिणाम

प्रतियोगिता में बैडमिंटन (लडक़े) में प्रथम - एमएनएस राई, द्वितीय - सोनीपत, तृतीय - अंबाला। इसी प्रकार बैडमिंटन (लड़कियों) में प्रथम - सोनीपत, द्वितीय - रोहतक, तृतीय - पंचकूला। वॉलीबाल (लड़कियां) में प्रथम - पंचकूला, द्वितीय - करनाल, तृतीय - भिवानी, स्वीमिंग (लडक़े) में 1500मीटर फ्री-स्टाइल (लडक़े), प्रथम - देव - अंबाला, द्वितीय - कार्तिक - पलवल, तृतीय - विश्वदीप- जींद, 1500मीटर फ्री-स्टाइल (लड़कियां) में प्रथम - नियति- फरीदाबाद, द्वितीय - शक्ति - अंबाला, तृतीय - नैंसी - जींद, 50 मीटर बैक-स्ट्रॉक (लडक़े) में प्रथम - मधु सुदन - अंबाला, द्वितीय - मोहित - पलवल, तृतीय - अनव - सोनीपत, 50 मीटर फ्री-स्टाईल (लड़कियां), प्रथम - प्राची - फरीदाबाद, द्वितीय - रक्षिता - हिसार, तृतीय - स्वर्णिमा - सोनीपत, 100 मीटर ब्रेस्ट-स्ट्रॉक (लडक़े) में प्रथम - रक्षित - जींद, द्वितीय - तेजस - अंबाला, तृतीय - सुनील- झज्जर, 100 मीटर ब्रेस्ट-स्ट्रॉक (लड़कियां), प्रथम - आसमां - अंबाला रहे।


**अंबाला।** ज्ञापन सौंपती कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# ऑनलाइन कार्यों के लिए समुचित संसाधनों की व्यवस्था करे सरकार

- बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने ऑनलाइन कार्यों की वजह से बढ़ते दबाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन संबंचित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों के ऑनलाइन क्रियान्वयन एवं रिपोर्टिंग हेतु बिना उचित संसाधनों एवं समुचित स्टाफ की व्यवस्था किए बिना अनुचित दबाव बनाए जाने के विरोधस्वरूप ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार को लेकर एएसएमओ को ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों ने ज्ञापन में कहा कि राष्ट्रीय कार्यकमों के ऑनलाइन क्रियान्वयन एवं रिपोर्टिंग हेतु बिना उचित संसाधनों जैसे लैपटॉप, टैब, इंटरनेट तया इसके साथ साथ ह्यूमन रिसोर्सेज डेटा एंट्री ऑपरेटर की व्यवस्था किए बिना अनुचित दबाव बनाए जाने की एसोसिएशन कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा उप स्वास्थ्य केंद्रों पर राष्ट्रीय कार्यकमों के ऑनलाइन क्रियान्वयन एवं रिपोर्टिंग हेतु समुचित संसाधनों एवं डेटा एंट्री ऑपरेटर / सक्षम युवा की नियुक्ति की मांग करती है। एसोसिएशन की प्रधान वर्षा ने कहा कि ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार के साथ साथ सुझाव भी भेजे हैं जिसमे कहा गया है कि उप स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय कार्यकमों की ऑनलाइन पोर्टल पर एंट्री हेतु समुचित संसाधन लैपटॉप, टैब, इंटरनेट एवं प्रिंटर की व्यवस्था की जाए ताकि ऑनलाइन कार्यों बारे निजी संसाधनों के साथ कर्मचारियों पर पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव को बंद किया जा सके। प्रदेश में नए स्वीकृत किए जा रहे उप स्वास्थय केंद्र पर एचकेआरएन के अंतर्गत एक कर्मचारी की पोस्ट सेंक्शन की जा रही है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन लगातार ऑनलाइन कार्यों के बढ़ते बोझ को लेकर महानिदेशक कार्यालय को सूचित करवाते हुए इसके समुचित हल बारे निवेदन कर चुकी है लेकिन इस बारे कोई संज्ञान नहीं लिए जाने से प्रदेश के एमपीएचडब्ल्यू वर्ग में भारी रोष है।

#### सरकारी कर्मचारियों का अल्टीमेटम

एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय मीटिंग करते हुए मामले की गंभीरता पर गहन विचार किया गया था। कर्मचारियों ने कहा कि यदि सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को तेज करते हुए प्रदेश के सभी जिलों में ऑनलाईन कार्यों को पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। इस विषय पर राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बाधित होने संबंधी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार और विभाग की होगी। इस दौरान सचिव सोनिया, सहसचिव कमलदीप , रीटा पाल कौर, बबीता, कांता,नीलम, अंजू, नीतू, निर्मला, काजल सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

# गुरु तेग बहादुर के नाम पर होगी गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल का आभार जताते सिख समाज के लोग।

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने राजकीय बहुतकनीकी संस्थान (पॉलिटेक्निक संस्थान) अंबाला शहर का नाम श्री गुरु तेग बहादुर के नाम से रखने की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर का संपूर्ण जीवन हिंद के लिए, हिंदू के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबको उनके आदर्श व शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। विशेषकर युवा पीढ़ी को उनके इतिहास के बारे में जागरूक करना है ताकि वे भी उनके बताए गए मार्ग पर चलते हुए अपने जीवन को सार्थक कर सके। इस मौके पर श्री गुरु तेग बहादुर सेवा सोसायटी व सिख समाज से जुड़े लोगों ने वीरवार को पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला के निवास स्थान पर पहुंचकर राजकीय बहुतकनीकी (पॉलिटेक्निक संस्थान) संस्थान का नाम धन धन श्री गुरु तेग बहादुर के नाम से रखे जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल का प्रदेश के सिख समाज की ओर से धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि पॉलिटेक्निक का नाम गुरु तेग बहादुर के नाम से रखे जाने पर सिख समाज में खुशी की लहर है।

## आरपीएस डिग्री कॉलेज रहा रनर-अप, तीसरे पायदान पर राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल

# युवा महोत्सव झूमर-2025 का आरपीएस इंजि. कॉलेज बलाना बना ओवरऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** विजेता टीम ट्रॉफी के जश्न मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस कॉलेज बलाना में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के सौजन्य से हरी-भरी वादियों, अरावली की शैल मालाओं के बीच 8वां तीन दिवसीय जोनल युवा महोत्सव झूमर का अंतिम दिन ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवशाली महोत्सव में आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज बलाना ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतकर अपनी सर्वश्रेष्ठता को एकबार फिर से साबित कर दिया है। पूरे जोन के लगभग तीन हजार विद्यार्थी विभिन्न सात मंचों पर अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे। विभिन्न कॉलेजों से आए इन प्रतिभागियों ने 46 इवेंट्स प्रतियोगिता में भाग लिया, जिससे यह युवा महोत्सव भारतीय व हरियाणवी संस्कार व धरोहर को दर्शाने वाला एक भव्य मंच सिद्ध हुआ। विश्वविद्यालय की तरफ से युवा महोत्सव विजेता महाविद्यालय को 21 हजार की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह, विशिष्ट अतिथि आरपीएस चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव, संस्था डिप्टी सीईओ कुनाल राव, डॉ. करण सिंह डीएसडब्ल्यू, डॉ. अदिति शर्मा डीवाईडब्ल्यू एवं डॉ. सुशांत असिस्टेंट डॉयरेक्टर एडीवाईडब्ल्यू रहे।

#### इस प्रकार रहे परिणाम

क्लासिकल डांस में प्रथम आरपीएस इजि. कॉलेज, द्वितीय राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़, तृतीय आरपीएस डिग्री कॉलेज, चतुर्थ यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटिकरा, ग्रुप सॉग इंडियन प्रथम आरपीएस डिग्री कॉलेज, द्वितीय राजकीय महाविद्यालय नारनौल, तृतीय यदुवंशी डिग्री कॉलेज महेंद्रगढ़, चतुर्थ राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़, हरियाणवी रागनी शोलो प्रथम राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल, द्वितीय आरपीएस इंजि. कॉलेज, तृतीय आरपीएस डिग्री कॉलेज, चतुर्थ राजकीय महाविद्यालय नारनौल, वन-एक्ट-प्ले प्रथम आपीएस इंजि. कॉलेज, द्वितीय आरपीएस डिग्री कॉलेज, तृतीय यदुवंशी डिग्री कॉलेज रहा।

## प्रदर्शन | पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र ने भाजपा सरकार के खिलाफ किया रोष मार्च

# वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस का सरकार पर वार कहा हरियाणा में वोट नहीं सरकार हो गई चोरी

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और आम लोग शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** प्रदर्शन के दौरान मंचासीन कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र के नेतृत्व में वीरवर को कांग्रेस ने वोट चोरी के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और आम लोग शामिल हुए। लोगों में वोट चोरी के प्रति जबरदस्त रोष देखने को मिला। उसके बाद राष्ट्रपति के नाम डीसी ऑफिस जाकर डीसी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी ने सबूतों के साथ वोट चोरी का खुलासा किया है। पहले कर्नाटक, फिर महाराष्ट्र और उसके बाद हरियाणा के बारे में उन्होंने जो खुलासा किया, उसके चलते चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध हो गई है। चुनाव आयोग निष्पक्ष होकर अपना काम नहीं कर रहा। कहीं एक ही मकान में 501 वोट बना दी गईं, कहीं एक ही महिला के नाम पर 223 वोट, तो कहीं विदेशी महिला की फोटो लगाकर 22 वोट बना दी गईं। ये तो चंद उदाहरण हैं जबकि असली धांधली लाखों वोटों की हुई है। जिन सीटों पर कांग्रेस हारी है सिर्फ वहां नहीं बल्कि जिन सीटों पर कांग्रेस जीती है, वहां भी वोटिंग में धांधली हुई है।

#### वोट चोरी पर प्रदर्शन

ऐसी तमाम गतिविधियों से स्पष्ट है कि हरियाणा में सिर्फ वोट नहीं, बल्कि पूरी सरकार चोरी कर ली गई। यह देश के लोकतंत्र, संविधान और स्वतंत्रता के साथ खिलवाड़ है। वह स्वतंत्रता जो हजारों-लाखों कुर्बानियों के बाद देश को मिली है। इसलिए कांग्रेस ने ठान लिया है कि पूरे प्रदेश और पूरे देश में वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। बीजेपी सरकार को संविधान के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे। हुड्डा ने यह भी बताया कि कांग्रेस ने राज्यपाल को धान घोटाले के खिलाफ ज्ञापन सौंपा है। साथ ही मांग उठाई है कि इस घोटाले की जांच हो और बाढ़ प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

#### हरियाणा में सत्ता चोरी

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोगों के सामने सच्चाई रखी, जिससे प्रदेश के साथ देशभर की जनता आश्चर्यचकित है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में वोट नहीं, बल्कि सत्ता चोरी हुई है। जनता ने कांग्रेस को चुना था, लेकिन भाजपा ने मिलीभगत और मशीनों की हेरा-फेरी से सत्ता पर कब्जा कर लिया। सांसद वरुण मुलाना व विधायक निर्मल सिंह ने कहा की विधानसभा चुनाव में भाजपा को 39.9 प्रतिशत, तो कांग्रेस को 39.5 प्रतिशत वोट मिला।